मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-423
18/11/2019

मुख्यमंत्री ने विधायक आवासन योजना के अंतर्गत माननीय विधान पार्षदों के आवासों का किया उद्‌घाटन

पटना, 18 नवम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने विधायक आवासन योजना के अंतर्गत माननीय विधान पार्षदों के आवासों का शिलापट्ट अनावरण कर उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर नव निर्मित भवनों का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण भी किया।

पटना के आर0 ब्लॉक–दीघा रोड के समीप 75 भवनों में से 55 भवनों का काम पूर्ण हो चुका है, शेष का काम पूर्ण किया जा रहा है।

इस अवसर पर भवन निर्माण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने माननीय विधान पार्षदों यथा श्री वीरेंद्र नारायण यादव, डॉ0 एन0के0 यादव, श्री संजीव श्याम सिंह, प्रो0 संजय कुमार सिंह, श्री केदार नाथ पांडेय, श्री प्रेमचंद मिश्रा, श्री राधा चरण साह, श्री संतोष कुमार सिंह, श्री तनवीर अख्तर, श्री टुन्ना पांडेय, श्री संजीव कुमार सिंह, श्री संजय पासवान, श्री रामेश्वर महतो एवं श्री रामवचन राय को नव निर्मित आवासों की सांकेतिक रुप से चाबी सौंपी।

कार्यक्रम में भवन निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार ने मुख्यमंत्री को पुस्तक एवं प्रतीक चिन्ह् भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, विधान परिषद के कार्यकारी सभापति श्री हारुण रशीद, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, पूर्व सभापति बिहार विधान परिषद श्री अवधेश नारायण सिंह, अन्य विधान पार्षदगण, भवन निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******